भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2838

10.07.2019 को उत्तर दिए जाने के लिए

कामगारों के लिए सहायता

2838. एडवोकेट डीन कुरियाकोसः

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस संबंध में कोई शिकायत प्राप्त हुई है कि भारतीय दूतावास द्वारा विशेषकर अरब देशों में घरेलू नौकरों को पर्याप्त सहायता या विधिक सेवा प्रदान नहीं की जाती है और उन्हें अपने नियोक्ता द्वारा उत्पीड़न के कारण वापस अपने देश आना पड़ता है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार की मंशा श्रम कानूनों में संशोधन कर महिलाओं के उत्पीड़न के कारण घरेलू नौकरों, जो खाड़ी देशों में नौकर के रूप में कार्य करने जा रही हैं, को विधिक संरक्षण प्रदान करने का है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) खाड़ी देशों में प्रत्यावर्तन हेतु दूतावास/कंसुलेट से सहायता मांगने वाली महिलाओं की देश-वार संख्या कितनी है?

उत्तर

(विदेश राज्य मंत्री)

(श्री वी. मुरलीधरन)

(क) और (ख) सरकार को इस प्रकार की कोई विशिष्ट शिकायत नहीं मिली है कि जब विदेशों में, विशेष रूप से अरब देशों में, घरेलू श्रमिकों को अपने नियोक्ताओं के उत्पीड़न के कारण भागना पड़ता है, तब दूतावास उन्हें पर्याप्त सहायता या कानूनी सेवाएं प्रदान नहीं करते हैं।

विदेशों में भारतीय नागरिकों की बेहतरी और कल्याण, विदेश स्थित भारतीय मिशनों और केंद्रों के लिए सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकता है। हमारे मिशन और केंद्र संकटग्रस्त घरेलू कामगारों को हर संभव सहायता प्रदान करते हैं, जिसमें परामर्श, कानूनी सहायता, भोजन और आवास के लिए वित्तीय सहायता और उनकी भारत वापसी के लिए आवश्यक औपचारिकताओं को पूरा करना शामिल है। साधन परीक्षित आधार पर उपयुक्त मामलों में भारतीय समुदाय कल्याण कोष (आईसीडब्ल्यूएफ) से भी सहायता प्रदान की जाती है।

(ग) और (घ) खाड़ी देशों में घरेलू कामगार के रूप में जा रहीं महिलाओं के साथ-साथ भारत में श्रमिकों के लिए लागू घरेलू कानून इन देशों में लागू नहीं होते हैं। हालाँकि, सरकार ने घरेलू कामगारों के रूप में विदेश

जाने वाली उत्प्रवासन जाँच अपेक्षित (ईसीआर) पासपोर्टधारक भारतीय महिलाओं की सुरक्षा और कल्याण को बढ़ाने के लिए और कई उपाय किए हैं, जिसमें 2 अगस्त, 2016 से उनकी भर्ती केवल सात राज्य सरकार भर्ती एजेंसियों के माध्यम से ही करना; न्यूनतम 30 वर्ष का अनिवार्य आयु प्रतिबंध; और उनके विदेशी नियोक्ताओं द्वारा ई-माइग्रेट प्रणाली पर स्वयं को पंजीकृत करने और 2500 अमरीकी डॉलर के बराबर बैंक गारंटी जमा करने की अनिवार्यता शामिल हैं।

(ङ) खाड़ी देशों में दूतावासों / वाणिज्य दूतावासों से प्रत्यावर्तन सहित अन्य सहायता के लिए संपर्क करने वाली महिला कामगारों की देश-वार संख्या निम्नानुसार हैः

क्र.सं.	**देश**	**2016**	**2017**	**2018**
1	बहरीन	84	80	78
2	कतर	उपलब्ध नहीं	397	495
3	सऊदी अरब	301	550	235
4	ओमान	153	232	328
5	कुवैत	1206	1009	527
6	संयुक्त अरब अमीरात	196	319	376

****